छात्रों को किया पुरस्कृत

अभ्यास सत्र को संबोधित करते अतिथि

समस्तीपुर, जासं : मौलाना मजहरुल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मथुरापुर, समस्तीपुर के छात्र -छात्राओं का प्रशिक्षण अभ्यास का 40 दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार को बालिका उच्च विद्यालय घोषलेन एवं बालिका उच्च विद्यालय काशीपुर में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इसमें सभी प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। सचिव अबु तमीम ने कहा की प्रशिक्षुओं को शिक्षण के इस पुनीत कार्य को ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। उन्होंने दोनों विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों तथा शिक्षकेतर कर्मियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें चयनित छात्रों को सचिव अबु तमीम ने नगद राशि देकर पुरस्कृत किया तथा घोषणा किया की नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा रूबी कुमारी को यदि रूचि हो तो महाविद्यालय द्वारा मुफ्त में शिक्षक प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निदेशक अबु सईद ने कहा की शिक्षण का पेशा पवित्र है और इसे अपनाना परम पुनीत कार्य है। हमें इस माध्यम से सफल नागरिक तैयार करने का जिम्मा दिया जाता है। मौके पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, आचार्य डॉ. अली हसन अंसारी, डॉ. प्रतिभा रॉय, डॉ. अशोक कुमार अकेला, डॉ. मधुश्री, राम शंकर रॉय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।